झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शिकायत)–जामताड़ा / MDM–09 / 2023 - 274

प्रेषक,

**संजय कुमार**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 24.04.2023

विषयः– **मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्रों पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्या के जामताड़ा जिला भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष / संयोजिका / रसोईया द्वारा मानदेय में वृद्धि करने / मीड डे मील की राशि में बढ़ोतरी करने संबंधी कुल 05 आवेदन पत्र आयोग को उपलब्ध कराया गया है।

अतः प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

24/4/23

**(संजय कुमार)**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\Jharf\Dropbox\Anju @\Letters.docx55

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

(5)

सेवा में
श्रीमान् अध्यक्ष महोदय
खाद्य आयोग, राँची
झारखण्ड राज्य

विषय:- विद्यालय मे संचालित मिड-डे-मील की राशि मे बढ़ोत्तरी करने के संबंध मे।

मान्यवर,
उक्त विषय पर कहना है कि वर्तमान परिस्थिति मे मंहगाई का असर अब विद्यालय मे संचालित मिड-डे-मील योजना पर पड़ रहा है जिससे विद्यालय मे छात्र-छात्रा को सम्पूर्ण पौष्टिक भोजन प्राप्त नही हो पा रहा है, वर्तमान मे प्रति छात्र के दर से I to V = 5.45 रु एंव VI to VIII = 8.17 रु प्राप्त होता है, जबकि सभी खाद्य पदार्थ एंव ईंधन गैस (सिलेंडर) की किमत मे काफी बढ़ोत्तरी हुई है ऐसे मे यह आसानी से समझा जा सकता है की इतने कम पैसे मे छात्र-छात्रा को मेनू के अनुसार भोजन देने मे मंहगाई सामने आ जाता है।

अत: श्रीमान से विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से विनम्र प्रार्थना है कि उक्त परिस्थिति को ध्यान मे रखते हुए मिड-डे-मील राशि मे बढ़ोत्तरी करने की कृपा किया जाए।

आपका विश्वासी

बाढुल महतो
20/02/23
अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंधन समिति
उ० म० वि० गायछान्द
अंचल+जिला-जामताड़ा

सुनीता यादव
20.2.2023
सरस्वती वाहिनी
संयोजिका
उ० म० वि० गायछान्द
अंचल+जिला-जामताड़ा

प्र विनोद
17/04/23

529
17.4.23

(4)

सेवा में

श्री मान अध्यक्ष महोदय
खाद्य आयोग राँची झारखण्ड
द्वारा उचित माध्यम।

विषय:- रसोईया मानदेय, MDM अण्डा/फल की राशि की बढ़ोतरी की सम्बन्ध में।

13.4.23

महाशय

सविनय पूर्वक कहना है की मैं द्वारिका प्र० सिंह उ० म० वि० रामपुर का प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष हूँ M.D.M में कम राशि होने के कारण अच्छी तरह से एम डी एम संचालन नहीं कर पाते हैं इसलिए M.D.M, अण्डा/फल एवं रसोईया की मानदेय की बढ़ोतरी किया जाय।

17/04/23

524
17.04.23

अतः श्री मान से विनम्र निवेदन है की M.D.M. फल/अण्डा एवं रसोइया मानदेय मे बढ़ोतरी किया जाय ताकि सही ढंग से M.D.M संचालन हो सके।

आपका विश्वासी
Dwarika Pr Singh
अध्यक्ष प्रबंध समिति
[illegible]

दिनांक
20.02.023

(3)

सेवा में

श्रीमान् अध्यक्ष महोदय
खाद्य आयोग झारखंड, राँची

विषय:- रसोइया का मानदेय दस माह के बदले 12 महीने के मानदेय देने एवं मानदेय वृद्धि करने के संबंध में

महाशय

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि मैं प्रमिला देवी उ० प्रा० वि० शिवलीबाड़ी, प्रखंड + जिला - जामताड़ा की रसोइया हूँ। मैं विद्यालय में वर्ष 2007 से कार्यरत हूँ। इस महँगाई में 2000/- रुपये मानदेय पर परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता है एवं पूरे वर्ष में 12 महीने के जगह 10 माह का ही मानदेय दिया जाता है जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है।

अतः श्रीमान् से नम्र निवेदन करती हूँ कि 10 माह के बदले 12 महीने का मानदेय दिया जाय एवं मानदेय पर वृद्धि किया जाय

विश्वास भाजन
प्रमिला देवी
रसोइया
उ०प्रा०वि० शिवलीबाड़ी
दिनांक 20/02/2023

13.4.23

17/4

17/04/23

523
17.04.23

13.4.23 527 17.4.23 (2)

## विद्यालय प्रबंधन समिति

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कटंकी

पो०- दक्षिणबहाल, अंचल + ब्लॉक - जामताड़ा, जिला- जामताड़ा - 815351 (झारखण्ड)

**U Dise Code - 20191112501** **Email ID:- ums.katanki@gmail.com**

**अध्यक्ष**
श्री उमाकान्त महतो

**सचिव**
श्री चन्द्रशेखर सिंह

**उपाध्यक्ष**
श्री मुकेश कु० महतो

**सदस्य**
श्री विनोद महतो
श्री राजेश महतो
श्री पलटु महतो
श्री संजय महतो
श्री प्रणव महतो
श्री राजेश कुमार
श्रीमती कल्पना देवी
श्रीमती जिया देवी
श्रीमती मंजु देवी
श्रीमती रेखा देवी
श्रीमती डोली देवी
श्री चंदन महतो

पत्रांक................ दिनांक 20/02/2023.

सेवा में,

श्रीमान वरीय पदाधिकारी
शिक्षा विभाग, राँची

द्वारा – वरीय पदाधिकारी, जामताड़ा

महाशय,

सविनय निवेदन है कि मैं शकुंतला देवी एवं लक्ष्मीप्रिया देवी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटंकी में रसोइया के रूप में कार्यरत हूँ। विभाग के तरफ से अल्प मानदेय के रूप में बारह माह विद्यालय में मध्यान भोजन बनाने का कार्य करती हूँ। जिसके तहत हमलोगों को विभाग द्वारा दस महिने का मानदेय दिया जाता है, अल्प मानदेय के कारण मुझे भरण-पोषण में थोड़ी कठिनाई होती है।

अत: श्रीमान से नम्र निवेदन है कि अगर विभाग के तरफ से कम-से-कम हमलोगों को मानदेय वृद्धि के साथ बारह महिना का मानदेय ~~अगर~~ देने का विचार अगर होता तो हमलोग अनुगृहित होते।

विश्वासभाजन
1. शकुन्तला देवी
2. लक्ष्मीप्रिया देवी

उमाकान्त महतो
अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंधन समिति
उ० म० वि० कटंकी (जामताड़ा)

①

सेवा में,
श्रीमान अध्यक्ष महोदय,
खाद्य आयोग, राँची

विषय:- अत्यधिक महँगाई के मद्देनजर प्रधानमंत्री बाल पोषण (MDM) की राशि बढ़ाने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में साग्रह निवेदन करना है कि वर्तमान में सरकार द्वारा विद्यालय में MDM संचालन हेतु जो राशि वर्ग I-V एवं VI-VIII के लिए दी जा रही है वह आज की बढ़ी हुई अत्यधिक महँगाई के मद्देनजर बहुत ही कम है। इस अत्यधिक महँगाई के कारण विद्यालय में MDM के सुचारु संचालन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर रसोई-गैस की कीमत सातवें आसमान पर आ गई है। साथ ही यह भी ज्ञात हो कि MDM हेतु भेजी जाने वाली राशि समय पर नहीं मिलने से दुकानदार के पास एक बड़ी राशि बकाया रह जाती है। इस कारण MDM की अद्यतन राशि हमेशा प्रायः ऋणात्मक रह जाती है।

अतः श्रीमान से करबद्ध प्रार्थना है कि उपरोक्त विषय को दृष्टिगत रखते हुए हमारी कठिनाइयों पर गौर फरमाएँ एवं MDM राशि में समुचित वृद्धि करवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय। श्रीमान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ यह आवेदन सादर समर्पित किया जाता है।

सधन्यवाद!

विश्वासभाजिका
आशा देवी

संयोजिका,
सरस्वती वाहिनी,
उ० म० वि०, श्रीरामपुर
जामताड़ा
दिनांक - 20/02/23

संयोजिका
सरस्वती वाहिनी संचालन समिति
उ० म० वि० श्रीरामपुर, अंचल-जामताड़ा

13.4.23
17/4
17.4.23
522
17.04.23